


# आईआईटी में 'हैवी फ्लेवर मीट-2019' का आयोजन

इंदौर। आईआईटी इंदौर में मंगलवार को तीसरी 'हैवी फ्लेवर मीट-2019' आयोजित की गई। तीन दिनी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 50 उत्कृष्ट शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इसमें जर्मनी, फ्रांस आदि देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शामिल थे। समारोह में भारत के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों के संकाय सदस्यों व पीएच-डी विद्वानों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के तहत दस तकनीकी सत्रों में 18 वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल रहे। साथ ही पीएच-डी विद्यार्थियों ने पोस्टर स्पर्धा में 8 पोस्टर पेश किए। इसके जरिये विद्यार्थियों ने नए काम प्रस्तुत करते हुए युवा रिसर्च को अपनी कला दिखाने का मौका दिया। पोस्टर स्पर्धा के विजेता रहे टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के दिबयांदु बाला, अलीगढ़ मुस्लिम विवि से शेख खतीजा बानू और आईआईटी इंदौर से सुमन देब विजयी रहे।

**Dabang Dunia (Indore), 20th March 2019, Dabang Dunia 2, Page-7**